| दिनांक 09.09.2024 |
| --- |
| प्रेस विज्ञप्ति 10/2024 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

## जनपद सीतापुर/थाना तालगांव

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 09.09.2024 को थाना तालगांव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर लहरपुर कसरैला मार्ग परसेण्डी मोड़ के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त रविराज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना तालगांव पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना तालगांव पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रविराज निवासी रामपुर बेहड़ा थाना बक्शी का तालाब कमिश्नरेट लखनऊ।

**बरामदगी**

1—घटना में प्रयुक्त 01 मोबाइल फोन।

## जनपद चित्रकूट/थाना राजापुर

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 09.09.2024 को थाना राजापुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजेश को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना राजापुर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना राजापुर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–राजेश निवासी ग्राम चर थाना रैपुरा जनपद चित्रकूट।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 12 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद बदायूँ/थाना जरीफनगर

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूट के 14 हजार 100 रूपये नगद**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस**
- **घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद**

दिनांक 09.09.2024 को थाना जरीफनगर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम खनुआ नगर मोड के पास से 03 अभियुक्तों 1–परवेज 2–सर्वेश 3–बबलू उर्फ बलवीर को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूट के 14 हजार 100 रूपये नगद, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस, घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 12.08.2024 को थाना जरीफनगर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात बदमाशों द्वारा लूट की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना जरीफनगर पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद रूपया लूट की घटना से सम्बन्धित है, गिरफ्तार अभियुक्त परवेज शातिर किस्म का अपराधी है, जिसके विरूद्ध जनपद बदायूँ के विभिन्न थानो में लूट, चोरी, एनडीपीएस एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 07 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना जरीफनगर पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—परवेज निवासी मोहल्ला पठान टोला कस्बा व थाना सहसवान जनपद बदायूँ।

2—सर्वेश निवासी कांकसी थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ।

3—बबलू उर्फ बलवीर निवासी समसपुर मलिक फत्ता थाना जरीफनगर जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1—लूट के 14 हजार 100 रूपये नगद।

2—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

3—घटना में प्रयुक्त 01 मोटर साइकिल।

**जनपद मुरादाबाद/थाना भगतपुर**

- **चोरी की घटना का अनावरण**
- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, नगद रूपये**
- **चोरी की 01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनांक 09.09.2024 को थाना भगतपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर 02 अभियुक्तों 1—आसिफ 2—प्रमोद कुमार को गिरफ्तार कर चोरी की घटना का अनावरण किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, नगद रूपये, चोरी की 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि दिनांक 01.09.2024 को थाना भगतपुर क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर अभियोग पंजीकृत कर घटना के अनावरण के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद आभूषण, रूपया, मोटर साइकिल चोरी की घटना से सम्बन्धित है। गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त आसिफ के विरूद्ध जनपद

मुरादाबाद, अमरोहा के विभिन्न थानो में डकैती, चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त प्रमोद कुमार के विरूद्ध जनपद अमरोहा, मुरादाबाद के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट, आर्म्स एक्ट आदि के 08 अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना भगतपुर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आसिफ निवासी मो0 शान्तिनगर थाना सीलमपुर दिल्ली।

2—प्रमोद कुमार निवासी सदरपुर मतलबपुर थाना छजलैट जनपद मुरादाबाद।

**बरामदगी**

1—चोरी के सोने—चाँदी के आभूषण, नगद रूपये।

2—चोरी की 01 मोटर साइकिल।

3—01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद फिरोजाबाद/थाना रजावली

- **पुलिस कार्यवाही में 03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस**
- **01 क्रेटा कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद**

दिनांक 09.09.2024 को थाना रजावली थाना टुण्डला व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम रामगढ़ के पास बदमाशों की घेराबन्दी की गई तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गई आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—फहीम 2—इरफान 3—मुकद्दर अली घायल हो गये, जिन्हे गिरफ्तार किया गया। अन्य दो बदमाश मौके से फरार हो गये, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस, 01 क्रेटा कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि बरामद हुई।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म के अपराधी हैं, जिसमें अभियुक्त फहीम के विरूद्ध जनपद हरदोई, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 06 अभियोग, अभियुक्त मुकद्दर के विरूद्ध जनपद झाँसी, कुशीनगर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के 05 अभियोग एवं अभियुक्त इरफान के विरूद्ध जनपद शाहजहाँपुर के विभिन्न थानो में चोरी, गैंगेस्टर एक्ट आदि के एक दर्जन अभियोग पंजीकृत है।

इस सम्बन्ध में थाना रजावली पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—फहीम निवासी नगरिया कला थाना फतेहगंज पूर्वी जनपद बरेली।

2—इरफान निवासी गढ़िया पैगम्बरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूं।

3—मुकद्दर निवासी गढ़िया पैगम्बरपुर थाना हजरतपुर जनपद बदायूं।

**बरामदगी**

1—03 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

2—01 क्रेटा कार (बिना नम्बर प्लेट) आदि।

## जनपद बरेली/थाना भोजीपुरा

- **03 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 03 एलईडी टीवी, 06 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 01 सोलर प्लेट, 04 गैस सिलेण्डर**
- **चोरी के 04 हजार रूपये नगद आदि बरामद**

दिनांक 08.09.2024 की रात्रि थाना भोजीपुरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम मनेहरा बिजली टावर के पास से 03 अभियुक्तों 1—रिषभ 2—दिनेश 3—अरूण को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 03 एलईडी टीवी, 06 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 01 सोलर प्लेट, 04 गैस सिलेण्डर, चोरी के 04 हजार रूपये नगद आदि बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि थाना भोजीपुरा क्षेत्रान्तर्गत अज्ञात चोरो द्वारा चोरी की घटना कारित की गई थी, जिसके सम्बन्ध में थाना भोजीपुरा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की गिरफ्तारी व माल बरामदगी के प्रयास किये जा रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद टीवी, बैट्रा, इन्वार्टर, सोलर प्लेट आदि चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना भोजीपुरा पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रिषभ निवासी भण्डसर थाना हाफिंजगज जनपद बरेली।

2—दिनेश निवासी भण्डसर थाना हाफिंजगज जनपद बरेली।

3—अरूण निवासी भण्डसर थाना हाफिंजगज जनपद बरेली।

**बरामदगी**

1—चोरी की 03 एलईडी टीवी, 06 बैट्रा, 02 इन्वार्टर, 01 सोलर प्लेट, 04 गैस सिलेण्डर।

2—चोरी के 04 हजार रूपये नगद आदि।

## कमिश्नरेट लखनऊ/थाना मडियांव

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 422 ग्राम अवैध मारफीन**
- **02 मोबाइल फोन बरामद**

दिनांक 08.09.2024 को थाना मडियांव पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर भिटौली ओवर ब्रिज ढाल के पास से 02 अभियुक्तों 1—रामनरेश 2—सौलत रसूल को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 422 ग्राम अवैध मारफीन, 02 मोबाइल फोन बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना मडियांव पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—रामनरेश निवासी पूरे लोधन बाबा बाजार जनपद फैजाबाद।

2—सौलत रसूल निवासी ग्राम सरैया पीरजादा थाना बाजार शुकुल जनपद अमेठी।

**बरामदगी**

1–लगभग 50 लाख रूपये (अन्तर्राष्ट्रीय कीमत) के 422 ग्राम अवैध मारफीन।

2–02 मोबाइल फोन।

## जनपद बरेली/थाना विशारतगंज

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 किलो 16 ग्राम अवैध अफीम बरामद**

दिनांक 08.09.2024 को थाना विशारतगंज पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रम्पुरा अलीगंज मार्ग मिलक बहादुरगंज कट के पास से 02 अभियुक्तों 1–सोनू 2–चन्द्रसेन को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे से 01 किलो 16 ग्राम अवैध अफीम बरामद हुए।

इस सम्बन्ध में थाना विशारतगंज पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–सोनू निवासी ग्राम मिलक बहादुरगंज थाना विशारतगंज जनपद बरेली।

2–चन्द्रसेन निवासी ग्राम मानिकपुर थाना बजीरगंज जनपद बदायूँ।

**बरामदगी**

1–01 किलो 16 ग्राम अवैध अफीम।

➢ **जनपद बिजनौर/थाना स्योहारा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 02 लाख रूपये अर्थदण्ड)**

जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बिजनौर द्वारा थाना स्योहारा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/458/307 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त रिजवान को आजीवन कारावास व 02 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद सहारनपुर/थाना सिडकुल (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को आजीवन कारावास की सजा व 37 हजार रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद सहारनपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद सहारनपुर द्वारा थाना सिडकुल पर पंजीकृत अभियोग में धारा 302/201/392/411 भादवि के अन्तर्गत अभियुक्त जुनैद को आजीवन कारावास व 37 हजार रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

- **<u>जनपद बिजनौर/थाना स्योहारा (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा अभियुक्त को 40 वर्ष के कठोर कारावास की सजा व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड)</u>**

जनपद बिजनौर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय जनपद बिजनौर द्वारा थाना स्योहारा पर पंजीकृत अभियोग में धारा 6 पॉक्सो एक्ट के अन्तर्गत अभियुक्त उस्मान को 40 वर्ष के कठोर कारावास व 01 लाख रूपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

————